Pg. ☐☐
Date ☐☐ ☐☐ ☐☐☐☐

Lesson- 9 संस्कृति और सभ्यता

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए -

(क) आज हमारे देश में कौन-सी प्रवृत्तियाँ मुख्य रूप से देखी जा रही हैं?

उत्तर: आज हमारे देश में दो प्रवृत्तियाँ मुख्य रूप से देखी जा रही हैं। एक प्रवृत्ति तो है कल-कारखानों के विकास की और दूसरी वह जिससे प्रेरित होकर हम नृत्य, संगीत, नाटक और खेल-कूद में ज्यादा दिलचस्पी लेने लगे हैं।

(ख) प्रकृति और संस्कृति में क्या अंतर है?

उत्तर: संस्कृति प्रकृति से भिन्न गुण है। क्रोध करना मानव प्रकृति है किंतु क्रोध को रोकना संस्कृति है। काम का उल्लंघन प्रकृति है।

(ग) सभ्यता और संस्कृति में दूरी आने का क्या कारण है?

उत्तर: सभ्यता और संस्कृति मे दूरी आने का कारण विज्ञान है।

(घ) भारत की प्रगति का मार्ग कहाँ से निकलता है?

उत्तर: भारत की प्रगति का मार्ग धर्म और विज्ञान के समन्वय से निकलता है।

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए-

प्रश्न: समृद्ध देशों और भारत में मूलभूत अंतर बताइए -

उत्तर: समृद्ध देशों ने शहरीपन के कारण अपनी संस्कृति को छोड़ दिया। जबकि भारत ने अपने विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति को भी सँजोकर रखा है। यही समृद्ध देशों और भारत में मूलभूत अंतर है।

प्रश्न: संस्कृति मनुष्य की आत्मा का परिष्कार किस प्रकार करती है?

उत्तर: प्रत्येक सुसभ्य व्यक्ति सुसंस्कृत नहीं होता है, क्योंकि संस्कृति का निवास मोटर, महल और पोशाक में नहीं, मनुष्य के हृदय में होता है। बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अच्छी पोशाक में होने पर भी तबियत से नंगे होते हैं और तबियत से नंगा होना संस्कृति के खिलाफ़ बात है और बहुत से ऐसे लोग भी हैं, जिनके पास मोटर और महल तो क्या, अच्छी पोशाकों का भी अभाव है। किंतु उनमें दया, शील-सौजन्य एवं परोपकार की भावना की कमी नहीं है।

प्रश्न: संस्कृति और सभ्यता में अंतर स्पष्ट कीजिए।

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

उत्तर: सभ्यता के पीछे शहरीपन का स्पर्श है। वह नगरों से निकली हुई चीज मालूम होती है। किंतु संस्कृति ग्रामों के सहज जीवन की याद दिलाती है।

प्रश्न: आधुनिक भारत के निर्माण में गांधी जी का क्या योगदान है?

उत्तर: गांधी जी भारत के धार्मिक इतिहास के प्रतीक थे और हमारे इतिहास ने अपने को जीवित और चैतन्य सिद्ध करने के लिए ही उन्हें उत्पन्न किया था। वे यदि नहीं आते, तो भारत का इतिहास झूठा हो गया होता। हिंसा से पीड़ित विश्व में अहिंसा का ज्योति छिटकाकर वे हमारे इतिहास की आगामी सदियों के लिए जला दिए हैं। हरेक भारतवासी का धर्म है कि वह गांधी जी को समझे; क्योंकि गांधी जी भारतवर्ष की सबसे नवीन टीका है।

L-9 (Do this work in copy)

Pg. □□

Date □□ □□ □□□□

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

भारतवर्ष की ओर ..... देखने लगा है।

(क) प्राचीन विश्व का नेता कौन था?

उत्तर: प्राचीन विश्व का नेता भारत वर्ष था।

(ख) नवीन विश्व का नेता कौन है?

उत्तर: नवीन विश्व का नेता अमरीका और रूस है।

(ग) कौन हार गया?

उत्तर: नवीनता के साथ लड़ाई में यह प्राचीन विश्व सर्वत्र हार गया।

(घ) विश्व भारत की ओर किस आशा से देख रहा है?

उत्तर: विश्व भारत की ओर रहस्यमयी आशा से देख रहा है।

(ङ) अवतरण में से दो प्रत्यय युक्त शब्द लिखिए।

उत्तर: भारत + वर्ष = भारतवर्ष

सभ्य + ता = सभ्यता

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

L-9 (Do this work in book)

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(क) चाँदनी
(ख) शहरीपन
(ग) संस्कृति
(घ) संस्कृति
(ङ) बढ़ा

3. सही मिलान कीजिए -

सभ्यता - वह वस्तु है जो हमारे पास है।
संस्कृति - वह चीज़ है, जो हम स्वयं है।
सुना है कि - दुनिया में आज भी ऐसे समृद्ध देश है।
काम - का उल्लंघ - आचार प्रकृति है।
गांधी जी - शुद्ध धार्मिक पुरुष थे।

1. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए.

उत्कर्ष - अपकर्ष
सुसंस्कृति - कुसंस्कृति
डरपोक - बहादुर
स्वाधीन - पराधीन
गुण - अवगुण
शांति - अशांति
ध्वंस - निर्माण
अनिवार्य - ऐच्छिक
अर्वाचीन - प्राचीन
नवीन - पुराना

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए -

दिन	-	दिवस	वासर
नदी	-	सरिता	तरंगिणी
दुनिया	-	संसार	विश्व
मार्ग	-	रास्ता	डगर
मनुष्य	-	मानव	मनुज
भारत	-	हिंदुस्तान	इंडिया

3. दिए गए शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए -

अत्याचार	=	अति	+	आचार
स्वाधीन	=	स्व	+	अधीन
संबद्ध	=	सम्	+	बद्ध
सहानुभूति	=	सह	+	अनुभूति
अनाघात	=	अन	+	आघात
विद्यालय	=	विद्या	+	आलय

4. पाठ से तीनों प्रकार का एक-एक वाक्य छाँटकर लिखिए -

सरल वाक्य - [redacted] सभ्यता के पीछे शहरीपन का स्पर्श है।

संयुक्त वाक्य - सभ्यता शरीर का गुण है और विज्ञान की सारी सेवाएँ शरीर के लिए हैं।

मिश्र वाक्य - भारत वर्ष की ओर संसार जिस आशा से देख रहा है, उसका लक्ष्य नवीन नहीं बल्कि प्राचीन भारतवर्ष है।

Pg. □□
Date □□ □□ □□□□

5. अव्यय शब्द छाँटकर लिखिए -

1. करते करते
2. बुझे
3. निरंतर
4. पास
5. लगातार
6. वैसा ही

6. नीचे दिए गए शब्दों के लिंग पहचानिए -

भारत - पुल्लिंग
संगीत - पुल्लिंग
आत्मा - स्त्रीलिंग
देश - पुल्लिंग
संस्कृति - स्त्रीलिंग
प्रकृति - स्त्रीलिंग

7. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए -

पोशाक - पोशाकें
सूची - सूचियाँ
सभ्यता - सभ्यताएँ
संस्कृति - संस्कृतियाँ
दूरी - दूरियाँ
किनारा - किनारे